# जनता से स्थापित करें प्रभावी संवाद

## भाजपा की क्षेत्रीय वक्ता कार्यशाला में शामिल हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव



**इंदौर, 10 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को इंदौर पहुंचे और भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत आयोजित क्षेत्रीय वक्ता कार्यशाला में शामिल हुए.**

उन्होंने मालवा-निमाड़ क्षेत्र से आए पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत करने और प्रभावी संवाद की आवश्यकता पर जोर दिया. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विशेष विमान से इंदौर पहुंचे. देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट पर भाजपा नेताओं, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका स्वागत किया. इसके बाद मुख्यमंत्री सीधे कार्यक्रम स्थल पहुंचे, जहां भाजपा द्वारा आयोजित क्षेत्रीय वक्ता कार्यशाला में उन्होंने भाग लिया. यह कार्यशाला पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत आयोजित की गई थी.

### ममलेश्वर मंदिर में सीएम ने किया जलाभिषेक

**ओंकारेश्वर.** दादा गुरुजी की चतुर्थ नर्मदा परिक्रमा यात्रा के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर पहुंचे. उन्होंने ममलेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना कर नर्मदा जल से जलाभिषेक किया और प्रदेशवासियों की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की.





# मार्च में ही तपने लगा प्रदेश

## 39 डिग्री के करीब पहुंचा कई शहरों में पारा

**भोपाल, 10 मार्च. मध्य प्रदेश में मार्च की शुरुआत के साथ ही गर्मी ने अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं. दिन में तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण कई शहरों में तापमान तेजी से बढ़ रहा है.**

प्रदेश के कई हिस्सों में पारा 38 से 39 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है. मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले कुछ दिनों में तापमान और बढ़कर 40 डिग्री तक पहुंच सकता है. मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार इस साल मार्च में तापमान पिछले साल की तुलना में ज्यादा रिकॉर्ड किया जा रहा है. भोपाल, इंदौर और रीवा-शहडोल संभाग में अधिकतम तापमान सामान्य से करीब 1.9 से 2.7 डिग्री तक अधिक है. वहीं ग्वालियर, चंबल, उज्जैन, जबलपुर और नर्मदापुरम संभाग में तापमान 3.1 से 4.6 डिग्री तक ऊपर चल रहा है. प्रदेश के आधे से ज्यादा हिस्सों में दिन का तापमान 35 डिग्री से अधिक दर्ज किया जा चुका है.

सोमवार को प्रदेश का सबसे गर्म जिला रतलाम रहा, जहां अधिकतम तापमान 39.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. इसके अलावा खजुराहो, धार, गुना, दमोह, सागर, श्योपुर और मंडला में तापमान 38 डिग्री या उससे ज्यादा रहा. बड़े शहरों में ग्वालियर और उज्जैन सबसे गर्म रहे, जहां पारा 37 डिग्री के पार पहुंच गया.

भोपाल में 36.8 डिग्री, इंदौर में 36.4 डिग्री और जबलपुर में 36 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया. मौसम विभाग के मुताबिक इन दिनों हवा की दिशा उत्तर-पूर्व से बदलकर पश्चिम और उत्तर-पश्चिम हो गई है. राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों से आने वाली गर्म हवाओं और हवा में नमी कम होने के कारण प्रदेश में तापमान तेजी से बढ़ रहा है. मौसम के इस उतार-चढ़ाव का असर लोगों की सेहत पर भी दिखाई देने लगा है. डॉक्टरों के अनुसार दिन में तेज गर्मी और रात में हल्की ठंडक के कारण सर्दी-जुकाम, एलर्जी और अस्थमा के मरीज बढ़ रहे हैं. खासकर बच्चों और बुजुर्गों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है.

### एक नजर में

#### मां बगलामुखी मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश प्रतिबंधित

**आगर-मालवा.** जिले के नलखेड़ा स्थित विश्व प्रसिद्ध पीताम्बरा सर्व सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर में आगामी चैत्र नवरात्रि महापर्व 19 से 27 मार्च तक श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा. पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुचारू दर्शन व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से मंदिर में विशेष व्यवस्था लागू की गई है. मंदिर प्रबंधन समिति अध्यक्ष एवं तहसीलदार नलखेड़ा द्वारा जारी आदेश के अनुसार नवरात्रि के पूरे समय मां बगलामुखी के गर्भगृह में प्रवेश पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा. इस अवधि में श्रद्धालु मां के दर्शन त्रिशूल मंडपम से कर सकेंगे.



### स्व. माधवराव सिंधिया की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित

**भोपाल.** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ नेता स्वर्गीय माधवराव सिंधिया की जयंती पर मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया. इस अवसर पर पार्टी के कई वरिष्ठ नेता व पूर्व केन्द्रीय मंत्री सहित कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की.

# आज ज्ञानवीर यूनिवर्सिटी का भव्य उद्घाटन

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव का बुंदेली परंपरा से होगा स्वागत

**भोपाल, 10 मार्च. बुधवार ज्ञानवीर विश्वविद्यालय एवं रोजगार मेले का भव्य उद्घाटन करने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव सागर जा रहे हैं. साथ ही उपमुख्यमंत्री राजेंद्र प्रसाद शुक्ल तथा उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार विशेष रूप से इस भव्य कार्यक्रम में शामिल होंगें.**

कार्यक्रम के तैयारियों को लेकर खाद्य,नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने अधिकारियों जनप्रतिनिधियों सहित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया एवं व्यवस्थाओं को लेकर कार्यकर्ताओं एवं अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी. प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत एवं जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत सहित भाजपा के जिला अध्यक्ष, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं अधिकारियों के साथ विश्वविद्यालय एवं रोजगार मेले के उद्घाटन स्थल का निरीक्षण किया.



मुख्यमंत्री के आगमन की पूर्व संध्या पर खाद्य मंत्री राजपूत ने किया कार्यक्रम स्थल का सूक्ष्मता से निरीक्षण

# भाजपा की नीति से कॉर्पोरेट अस्पतालों को लाभ

### कांग्रेस का आरोप

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 10 मार्च. कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ. विक्रम चौधरी ने आरोप लगाया है कि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार ऐसी स्वास्थ्य नीति अपना रही है, जिससे बड़े कॉर्पोरेट अस्पतालों को फायदा पहुंच रहा है, जबकि छोटे और मझोले निजी अस्पतालों पर दबाव बढ़ रहा है.**

इस संवाददाता से बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था पहले से ही डॉक्टरों की कमी, अपर्याप्त ढांचे और सरकारी अस्पतालों में सीमित सुविधाओं के कारण संघर्ष कर रही है. डॉ. चौधरी ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध अस्पतालों के लिए पूर्ण NABH मान्यता अनिवार्य करने का निर्णय अव्यावहारिक है और इससे छोटे व मध्यम अस्पतालों पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा.



#### कई छोटे अस्पताल योजना से हो सकते हैं बाहर

डॉ. विक्रम चौधरी ने बताया कि NABH प्रमाणन एक स्वैच्छिक गुणवत्ता मानक है, जिसकी प्रक्रिया जटिल और खर्चीली होती है तथा इसके लिए अतिरिक्त स्टाफ और संसाधनों की आवश्यकता होती है. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि यह निर्णय लागू हुआ तो कई छोटे अस्पताल योजना से बाहर हो सकते हैं, जिससे गरीब और ग्रामीण मरीजों की इलाज तक पहुंच प्रभावित होगी. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने इस आदेश को तुरंत वापस लेने की मांग की है.

# डायल-112 टीम की त्वरित कार्रवाई, अस्पताल पहुंचाया

**भोपाल, 10 मार्च.** गुना जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में घायल हुई कई महिलाओं को डायल-112 पुलिसकर्मियों की त्वरित कार्रवाई से समय पर अस्पताल पहुँचाकर उपचार उपलब्ध कराया गया.

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, 10 मार्च को भोपाल स्थित राज्य स्तरीय डायल-112 पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि रुठियाई-धरनावदा मार्ग पर एक मोड़ के पास सवारी ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया है. यह ऑटो रुठियाई से पटना गांव की ओर जा रहा था, तभी चालक का नियंत्रण खोने से वाहन पलट गया, जिससे उसमें सवार कई महिलाएँ घायल हो गईं. सूचना मिलते ही धरनावदा थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 की फर्स्ट रिस्पॉन्स व्हीकल (एफआरवी) को तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना किया गया. मौके पर पहुँचकर आरक्षक मोहर सिंह और पायलट माखन सिंह गुर्जर ने पाया कि ऑटो में सवार लगभग सात से आठ महिलाएँ दुर्घटना में घायल हो गई थीं.

# पुलिस ने 698 मोबाइल फोन बरामद किए

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 10 मार्च. मध्य प्रदेश पुलिस ने विदिशा, बुरहानपुर और अनूपपुर जिलों में संयुक्त कार्रवाई करते हुए कुल 698 गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद किए हैं. पुलिस अधिकारियों के अनुसार बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत 1.68 करोड़ रुपये से अधिक है.**

इन मोबाइल फोन को तकनीकी निगरानी और सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर (ष्टश्वढ्ढक्र) पोर्टल की सहायता से ट्रेस कर उनके वास्तविक मालिकों को वापस किया गया.

विदिशा जिले में "मिशन मोबाइल रिकवरी" अभियान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों से 603 मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 1.50 करोड़ रुपये है. इनमें से कई मोबाइल मध्य प्रदेश के अलावा उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, राजस्थान और बिहार से भी ट्रेस किए गए. बुरहानपुर जिले में साइबर सेल और थानों में स्थापित साइबर हेल्प डेस्क की मदद से लगभग 13 लाख रुपये कीमत के 70 गुम स्मार्टफोन बरामद किए गए. इनमें से कुछ मोबाइल पड़ोसी जिलों और महाराष्ट्र से भी ट्रेस किए गए. वहीं अनूपपुर जिले में रामनगर और बिजुरी थाना क्षेत्रों से पुलिस टीमों ने करीब 4.32 लाख के 25 मोबाइल फोन बरामद किए. पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि मोबाइल गुम होने पर तुरंत थाने में सूचना दें और ष्टश्वढ्ढक्र पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि मोबाइल के दुरुपयोग को रोका जा सके और उसे शीघ्र ट्रेस किया जा सके.




## पुलिस से नाराज व्यक्ति ने थाने में खा लिया जहर

**शिवपुरी.** जिले के कोलारस थाना परिसर में आज एक व्यक्ति द्वारा जहरीले पदार्थ का सेवन करने का मामला सामने आया है. हालत बिगड़ने पर पुलिस ने उसे उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया. पुलिस सूत्रों के अनुसार कोलारस निवासी कन्हैया आज थाना परिसर पहुंचा था. वह अपनी नाबालिग बेटी के इसी महीने एक युवक के साथ घर से चले जाने के मामले में पुलिस द्वारा युवक को बाद में छोड़ दिए जाने से नाराज था. सूत्रों ने बताया कि लड़की अपने एक रिश्तेदार के बेटे के साथ गई थी और कुछ दिनों बाद वापस आकर थाने पहुंची तथा पुलिस को पूरी जानकारी दी. इसके बाद संबंधित युवक भी थाने आ गया था. मेडिकल रिपोर्ट और बयानों के आधार पर पुलिस ने उसे छोड़ दिया था.

# भोपाल कारखाने में 1148 कोचों का मेंटेनेंस

**भोपाल, 10 मार्च. पश्चिम मध्य रेलवे के सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना (सीआरडब्ल्यूएस) भोपाल ने चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के पहले 11 महीनों (अप्रैल से फरवरी 2026) के दौरान 1148 कोचों का सफलतापूर्वक पीरियोडिक ओवरहॉलिंग (पीओएच) कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है. यह प्रदर्शन रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप सराहनीय माना जा रहा है.**

फरवरी माह में ही भोपाल कारखाने ने 115 कोचों का पीओएच आउटर्न कर अपनी कार्यक्षमता और तकनीकी दक्षता का परिचय दिया. वरिष्ठ अधिकारियों की सतत निगरानी और कारखाना प्रबंधन की सुनियोजित कार्ययोजना के चलते यह उपलब्धि संभव हो सकी. पीरियोडिक ओवरहॉलिंग के दौरान कोचों की बॉडी और अंडरगियर की मरम्मत कर उनकी परिचालन सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है. इसके साथ ही ट्रॉली और बोगी के महत्वपूर्ण पुर्जों की जांच व मरम्मत की जाती है. इसके अलावा एयर ब्रेक सिस्टम, बफर और अन्य संरचनात्मक उपकरणों की मरम्मत की जाती है, जिससे यात्रियों को सुरक्षित और झटका-रहित यात्रा का अनुभव मिल सके. व्हील और एक्सल का भी रखरखाव कर कोचों की तकनीकी स्थिति को बेहतर बनाया जाता है.



### कनकपुरा यार्ड कार्य से ट्रेनें प्रभावित

**भोपाल.** उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल अंतर्गत कनकपुरा स्टेशन पर यार्ड में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के चलते मई माह में भोपाल मंडल से होकर चलने वाली कई ट्रेनें प्रभावित रहेंगी. रेलवे प्रशासन के अनुसार भोपाल-जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस के कुल 7-7 ट्रिप निरस्त किए गए हैं. गाड़ी संख्या 14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस 3, 4, 5, 8, 12, 13 और 14 मई 2026 को भोपाल से नहीं चलेगी. वहीं 14813 जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस 2, 3, 4, 7, 11, 12 और 13 मई को जोधपुर से निरस्त रहेगी. इसके अलावा 12181 जबलपुर-अजमेर एक्सप्रेस कुछ तिथियों पर केवल जयपुर तक ही चलेगी, जबकि 12182 अजमेर-जबलपुर एक्सप्रेस अजमेर के बजाय जयपुर से संचालित होगी. वहीं 22175 नागपुर-जयपुर और 22176 जयपुर-नागपुर एक्सप्रेस भी एक-एक ट्रिप आंशिक रूप से निरस्त रहेंगी. रेल प्रशासन ने यात्रियों से यात्रा से पहले ट्रेन की स्थिति की जानकारी लेने का अनुरोध किया है.


आयुर्वेद की सच्चाई

नि:शुल्क शिविर

सोराइसिस मुक्त भारत अभियान

सोराइसिस एवं चर्मरोग का सफल इलाज

जन कल्याण सेवा आश्रम समिति

सहस्त्र धारा देहरादून(उत्तराखण्ड)

के द्वारा संचालित

हिमालय की जड़ी बूँटियों को अभिमंत्रित कर तंत्र आयुर्वेद द्वारा चर्मरोग का भारत वर्ष के विभिन्न प्रदेशों में सफल इलाज

यह औषधियाँ हमारे आश्रम में अनुभवी आयुर्वेदाचार्य द्वारा अभिसिंचित कर अभिसिंचित की जाती हैं

नि:शुल्क परामर्श एवं औषधियाँ (दवाइयाँ)

समय : सुबह 11 बजे से शाम 05 बजे तक

दिनांक : 13 मार्च 2026 दिन-शुक्रवार
आरोग्यम क्लीनिक, गोपाल मार्ग खांचरौद (उज्जैन)

दिनांक : 14 मार्च 2026 दिन-शनिवार
पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी, बड़नगर रोड, उज्जैन

दिनांक : 15 मार्च 2026 दिन-रविवार
6/54 प्रेस कॉम्पलैक्स,नवभारत प्रेस ए.बी.रोड, इन्दौर

प्रत्येक माह मिलने का समय व तारीख

1 से 4 तारीख तक
सहस्त्र धारा (देहरादून)


5 व 6 तारीख तक
पटेल नगर गाजियाबाद

11 तारीख को
नवभारत प्रेस,ए.बी.रोड, इन्दौर

12 तारीख को
पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी बड़नगर रोड उज्जैन

15 तारीख को
पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी, त्र्यंबकेश्वर नासिक महाराष्ट्र

नि:शुल्क शिविर



महामंडलेश्वर श्री श्री 1008
स्वामी महेशानन्द गिरि जी महाराज
अर्न्तराष्ट्रीय प्रवक्ता, अखिल भारतीय सनातन परिषद्
पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी सोमेश्वर धाम, नवचण्डी आश्रम, सहस्त्र धारा (देहरादून)
M: 9997450702

-:सम्पर्क सूत्र:-
9897399909
7017874646






वैद्य रामचन्द्र मिश्र, आयुर्वेदाचार्य (बी.ए.एम.एस.) | वैद्य धनीराम चौरसिया उर्फ धर्मगिरि, आयुर्वेदाचार्य (बी.ए.एम.एस.) | वैद्य लखन लाल दुबे | डॉ.गणेश दुबे (बी.यू.एम.एस.) | वैद्य अतुल कुमार, आयुर्वेदाचार्य (बी.ए.एम.एस.) | वैद्य वरूण कुमार, आयुर्वेदाचार्य (बी.ए.एम.एस.) | नकुल कुमार, आयुर्वेद फार्मसिस्ट

Regd.No. : 108/10 | Website : www.jksas.org | E-mail : info@jksas.org


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60